Question Bank (HALF YEARLY)
Class : VII
Subject : Hindi

1. अपठित गद्यांश

1. जो कार्य एक समय असंभव माने जाते थे ,योग एवं विज्ञान के द्वारा उन्हें भी संभव कर दिया गया है ¡ संपत्ति की लालसा ने हमारे दिलो को पत्थर बना दिया है ¡ जीवन - मूल्यों का निरंतर ह्रास होता जा रहा है I हमारे स्पर्धात्मक जीवन के कारण हम मानसिक तनाव के शिकार हो गए है I इस मानसिक तनाव के दुष्परिणाम भि प्रकट होते जा रहें है I डायबिटीज ,कैंसर तथा उच्च रक्तचाप ने तो घर- घर में वास कर लिया है ¡ मानव की शारीरिक बीमारियों या मानसिक यातनाओ का एक मात्र इलाज योग के पास है I योग से मनुष्य की मानसिक ,शारीरिक और अध्यात्मिक उन्नति भी होती है I

(क) किसकी की लालसा ने हमारे दिलो को पत्थर बना दियाहै ?
(ख) हमारे मानसिक तनाव का क्या कारण है ?
(ग) मानसिक तनाव के दुष्परिणाम से कौन -कौन से रोग हो सकते है ?
(घ) मनुष्य की मानसिक ,शारीरिक और अध्यात्मिक उन्नति किसके द्वारा संभव है ?
(ङ) असंभव कार्य किसने संभव कर दिया है ?

2.यदि हम निरंतर प्रयत्न करेंगे तो निश्चय ही अपने सभी लक्ष्यों को प्राप्त कर लेंगे ,किंतु प्राय:देखा जाता है कि अधिक आशावादी लोग थोडा सा प्रयत्न करके अधिक फल की कामना करने लगते है और मनोवांछित फल प्राप्त न होने पर निराश हो जाते है ¡ अत:जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए परिस्थितियों के समक्ष घुटने न टेकें बल्कि हिम्मत से उनका मुकाबला करें ¡ याद रखें जितना कठोर हमारा परिश्रम होगा उसका फल भी उतना ही मीठा होगा ¡

(क) लक्ष्य की प्राप्ति के लिए क्या किया जाना चाहिए ?
(ख) थोडा सा प्रयत्न करके अधिक फल की कामना करने वाले लोगों को क्या कहते है ?
(ग) आशावादी लोग मनोवांछित फल न मिलने पर क्या हो जाते है ?
(घ) कठोर हमारा परिश्रम का फल कैसा होता है ?
(ङ) गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक क्या होगा ?

2.अपठित पद्यांश

क) हम दीवानों की क्या हस्ती

है आज यहाँ कल कल वहाँ चले ।

मस्ती का आलम साथ चला ,

हम धूल उड़ाते जहाँ चले ।

तुम कैसे आये , कहाँ चले ?

आए बनकर उल्लास अभी ,

आंसू बनकर बह चले अभी ,

(क) इन पंक्तियों में दीवाना शब्द किस अर्थ में प्रयुक्त हुवा है ?
(ख) दीवाने अपने स्वभाव के संबंध में क्या बता रहे है ?
(ग) "आए बनकर उल्लास अभी आंसू बनकर बह चले अभी"का आशय क्या है ?
(घ) 'धूल उड़ाना 'मुहावरे का क्या अर्थ है ?
(ङ) इन पंक्तियों का उपयुक्त शीर्षक क्या हो सकता है ?

2.

कौन भला जो विद्या बल से ,करता अविष्कार नया ?

अथवा पोथे रटते - रटते ,जिसका जीवन व्यर्थ गया ।
कौन भला ,जो देश कार्य में अपना सर्वस्व लुटाता है
अथवा वह जो काट कपट कर ऊँचे महल बनाता है ?

(क)भला आदमी अपने देश के लिए क्या करता है ?

(ख)विद्या बल से नया अविष्कार करने वाले को क्या कहते है ?

(ग)"काट कपट "में कौन सा अलंकार प्रयुक्त हुआ है ?

(घ)किसका जीवन व्यर्थ गया ?

(ड)लोग नए आविष्कार किसके बल पर करते है ?

1. पाठ-1 (1) अंक के प्रश्न (अति लघु)

क) 'प्राकृतिक छठा' कविता के रचियता कौन है?

ख) 'प्राकृतिक छठा' कविता में रचियता ने किन तत्वों को व्यक्त किया है?

ग) फुल से हमें क्या सीख मिलती है?

2. पाठ-2

क) 'श्रुति' पाठ के रचियता कौन है?

ख)'श्रुति' के माता-पिता का क्या नाम था?

ग) श्रुति की कौन सी इन्द्रियां कमज़ोर थीं?

3. पाठ-3

क) 'गुलेल्बाज लड़का' कहानी के रचियता कौन है?

ख) बोधराज के हाथ में सारा वक्त क्या रहता था?

4. पाठ-4

क) 'नदी का रास्ता' कविता के रचियता कौन है?

ख) नदी हमें क्या संदेश देती है?

....

2. पाठ-1 (2) अंक के प्रश्न (लघु)

क) 'प्राकृतिक छठा' कविता में रचियता ने किन्हें कोमल शब्दों में व्यक्त किया है?

2. पाठ-2

ख) श्रुति के पिता मोहन ने किन-किन महिलाओं का उदहारण दिया?

3. पाठ-3

क) बोधराज के चरित्र के बारे में लिखें?

ख) बोधराज ने मैना के बच्चों को चील से कैसे बचाया?

ग) गोह सांप कैसा जानवर होता है?

4. पाठ-4

क) समुद्र नदी का स्वागत किस प्रकार करती है?

ख) नदी अपने लक्ष्य तक पहुँचने के लिए क्या-क्या करती है?

....

3. पाठ-1 (3) अंक के प्रश्न (विचारात्मक/आशय स्पष्ट)

क) निम्न पंक्तियों के भाव स्पष्ट करें:-

फुल हें हम सरस कोमल|
आसुओं में खिल रहे हम
कंटकों से मिल रहे हम
विश्व में हमने बिखेरा
चाँदनी सा हास निर्मल
फुल हैं हम सरस कोमल|

ख) प्राकृतिक तत्व किस प्रकार हमारे जीवन में उपयोगी है?

2. पाठ-2

क) प्राथमिक स्कूल की अध्यापिका एवं रेनू दीदी के चरित्र में क्या अंतर था?

ख) यदि आपका कोई सहपाठी शारीरिक रूप से अक्षम है तो उसके साथ आपका वयवहार कैसा होप्ना चाहिए?

3. पाठ-3

क) 'चोर' किस प्रकार गोह का प्रयोग करते है? पाठ के आधार पर लिखिए:-

ख) पशु-पक्षियों के प्रति आप किस प्रकार का व्यवहार करेंगे?

4. पाठ-4

क) निम्न पंक्तियों की सप्रसंग व्याख्या करें:-

पहुंची जहाँ सागर खड़ा था
फेन की माला लिए
मेरी प्रतीक्षा में|
यही इतिवृत्त मेरा
मार्ग मैने आप ही अपना बनाया था|

....

4. (5) अंक के प्रश्न (लेखनी)

क) अपना मनपसंद विषय चुनने के लिए प्रधानाचार्य को पत्र लिखें|

ख)

5. (1) अंक के प्रश्न (व्याकरण)

1. दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखें;-

क) रवि, धरती, मित्र, पक्षी,

2. निम्न शब्दों के विलोम लिखे;-

क) सरस, नवीन,

3. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखें:-

क) गुलेल चलाने वाला..................

ख) चिड़ियों का दाना...................

ग) साथ पढ़ने वाला.................

घ) अत्याचार करने वाला...................

4. निम्न क्रियाओं शब्दों का एक-एक रूप का तीनों कालों में प्रयोग कर वाक्य बनायें:-

क) उड़ना, पकड़ना, खेलना, बैठना

……TILL PERIODIC TEST-I……

पाठ -5 सुभागी से 1 अंक वाले प्रश्न (अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

प्रश्न 1- छोटी सी उम्र में ही सुभागी पर क्या पहाड़ टूट पड़ा ?

प्रश्न 2- रामू बंटवारा क्यों कहता था ?

प्रश्न 3- बंटवारा हो जाने के पश्चात कौन –कौन अलग हो गए ?

प्रश्न 4 -तुलसी महतो नें किससे कहा कि सुभागी के पिता अब तुम ही हो?

प्रश्न 5- सजन सिंह नें सुभागी को क़र्ज़ के कितने रुपये बताये ?

पाठ -6 आप भले जग भला से 1 अंक वाले प्रश्न(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

प्रश्न 1-पहले कुत्ते नें अपनी शक्ल कहाँ देखी ?

प्रश्न 2- दुसरों की नुक्ताचीनी करने से पहले हमे क्या देखना चाहिए ?

प्रश्न 3- अमेरिका के मशहूर लेखक क्या क्या नाम था ?

प्रश्न 4- लेखक नन्हे बछड़े को अन्दर क्यों ले जा रहे थे ?

पाठ -7 भवष्य का भय से 1 अंक वाले प्रश्न(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

प्रश्न 1- स्कूल से आते ही तुलतुल कहाँ चली गई ?

प्रश्न 2- किस से तंग आकर टुनी की माँ नें नौकरी छोड़ दी ?

प्रश्न 3- तुलतुल की मैडम नें उसे क्या बताया ?

प्रश्न 4-इतनी ठण्ड में टुनी नें क्या पहन रखा था ?

प्रश्न 5-भिखारी को तुलतुल नें क्या उतार कर दे दिया ?

पाठ -8 बादल चले गए वे से 1 अंक वाले प्रश्न(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

प्रश्न -1 आकाश में बदल कैसे चित्र बनाते हैं ?

प्रश्न-2- आसमान में सूर्य चमकने से आसमान का रंग कैसा हो गया ?

प्रश्न 3-सुख और दुःख को किसके सामान बताया गया है ?

पाठ -9 सुनीता विलियम्स –अन्तरिक्ष के झरोखे से 1 अंक वाले प्रश्न(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

प्रश्न -1 चाँद पर सबसे पहले किसने कदम रखा ?

प्रश्न-2 सुनीता विलियम्स को बचपन में किस नाम से पुकारते थे ?

प्रश्न-3 सुनीता विलियम्स की माँ कहां की रहने वाली थीं ?

प्रश्न-4 सुनीता विलियम्स के पिता पेशे से क्या थे ?

प्रश्न-5 सुनीता विलियम्स के पिता का पूरा नाम क्या था ?

प्रश्न-6 सन 1998 में सुनीता विलियम्स का चुनाव कहाँ हो गया ?

पाठ -5 सुभागी से 2 अंक वाले प्रश्न(लघु उत्तरीय प्रश्न)

प्रश्न -1 रामू की दुल्हन का सुभागी के प्रति कैसा व्यवहार था ?

प्रश्न-2 रामू तुलसी महतो की अंत्येष्टि पर जाने को क्यों राज़ी नहीं हुआ ?

प्रश्न-3 तुलसी महतो के काम में और माता लक्ष्मी में काम में कितने –कितने रुपये लगे ?

प्रश्न-4 रामू का सुभागी के प्रति कैसा व्यवहार था ?

पाठ -6 आप भले जग भला से 2 अंक वाले प्रश्न (लघु उत्तरीय प्रश्न)

प्रश्न -1 कांच के महल में घुसने पर पहले कुत्ते की क्या प्रतिक्रिया थी ?

प्रश्न-2 लेखक अपने मित्र की मिसाल किससे नहीं देना चाहता है ?

प्रश्न-3 यदि हम प्रसन्नचित हैं तो सामने वाले की क्या प्रतिक्रिया होगी ?

प्रश्न-4 हमारे में त्रुटियाँ हैं तो कौन हमारा ध्यान खींचता है ?

प्रश्न-5 यदि हमे रोना है तो हमे कहाँ जाना होगा ?

पाठ -7 भवष्य का भय से 2 अंक वाले प्रश्न(लघु उत्तरीय प्रश्न)

प्रश्न -1 तुलतुल की माँ नें तुलतुल को घर का क्या-क्या काम करने को कहा ?

प्रश्न-2 तुलतुल के अनुसार यह साल किसका है ?

प्रश्न-3 मास्टर दीदी की बात से तुलतुल नें क्या प्रण लिया ?

प्रश्न -4तुलतुल के नाना कहाँ रहते थे ?उन्होंने नें तुलतुल को कौन सी पुस्तक दी ?

पाठ -8 बादल चले गए वे से 2 अंक वाले प्रश्न(लघु उत्तरीय प्रश्न)

प्रश्न-1 बादल सूना आकाश कैसे सजाते हैं ?

प्रश्न-2 ओस की सुबह से धरती कैसी हो जाती है ?

प्रश्न-3 बादल चले गए वे कविता में सुख और दुःख के कितने –कितने दिन बताये गए हैं ?

प्रश्न- 4 कभी हास और कभी अश्रु से क्या तात्पर्य है ?

पाठ -9 सुनीता विलियम्स –अन्तरिक्ष के झरोखे से से 2 अंक वाले प्रश्न(लघु उत्तरीय प्रश्न)

प्रश्न -1सुनीता विलियम्स घर में किस- किस प्रकार के खाने का आनंद उठाती हैं ?

प्रश्न-2 सुनीता विलियम्स के पास कौन सा कुत्ता है ?उसका नाम क्या है /

प्रश्न-3 सुनीता विलियम्स यू .एस नेवेल अकादेमी में किस पद पर चुनी गई ?

प्रश्न-4 किस सन में सुनीता विलियम्स का चुनाव नासा में हुआ ?

प्रश्न -5 सुनीता विलियम्स नें अमेरिका की किस प्रसिद्द दौड़ में भाग लिया ?

प्रश्न -6 सुनीता विलियम्स छोटी सी ज़िन्दगी में क्या –क्या करने चाहती हैं ?

पाठ -5 सुभागी से 3 अंक वाले प्रश्न (दीर्घ उत्तरीय/विचारात्मक/आशयस्पष्ट प्रश्न)

प्रश्न-1 सुभागी के चरित्र की क्या विशेषताए हैं?

प्रश्न-2 रामू के चरित्र के विषय में लिखें ?

प्रश्न-3 सुभागी की माँ लक्ष्मी नें सुभागी को क्या आशीर्वाद दिया ?

प्रश्न -4 "पूत –कपूत हो गया" इस वाक्य का आशय स्पस्ट करें ?

पाठ -6 आप भले जग भला से 3 अंक वाले प्रश्न (दीर्घ उत्तरीय/विचारात्मक/आशयस्पष्ट प्रश्न)

प्रश्न -1 "शहद की एक बूंद ज्यादा मक्खियों को आकर्षित करती है ,बजाये एक सेर ज़हर के" |उपरोक्त पंक्तियों का आशय स्पस्ट करें ?

प्रश्न-2 निंदक से सम्बंधित दादू या कबीरदास जी का एक दोहा लिखें,और स्पस्ट करें ?

प्रश्न-3 इमर्सन के नन्हे बछड़े वाली घटना को विस्तार से लिखें ?

पाठ -7 भवष्य का भय से 3 अंक वाले प्रश्न (दीर्घ उत्तरीय/विचारात्मक/आशय स्पष्ट प्रश्न)

प्रश्न-1 अन्तर्राष्ट्रीय बाल वर्ष के विषय में तुलतुल नें क्या समझा और उसने टुनी के साथ कैसा व्यवहार किया ?

प्रश्न-2 मिस की बातों से तुलतुल के मन पर क्या भूत सवार हो गया ?

प्रश्न-3 स्कूल की सरकारी व्यस्था के बारे में तुलतुल के पिता ने उसे क्या बताया ?

पाठ -8 बादल चले गए वे से 3 अंक वाले प्रश्न (दीर्घ उत्तरीय/विचारात्मक/आशय स्पष्ट प्रश्न)

प्रश्न -1 निम्न पंक्तियों की सप्रसंग व्याख्या करें ?

आसमान अब नीला नीला

एक रंग रस श्याम –सजीला

धरती पीली

हरी रसीली

शिशिर –प्रभात समुज्ज्वल गीला

बदल चले गए वे

2- यह सूना आकाश सजाया

राग दिखाया ,रंग दिखाया

दो दिन पाहून के जैसे रह कर

बदल चले गए वे

प्रश्न-2 बदल न होते तो हमारे जीवन पर क्या प्रभाव पड़ता ?

पाठ -9 सुनीता विलियम्स –अन्तरिक्ष के झरोखे से से 3 अंक वाले प्रश्न (दीर्घ उत्तरीय/विचारात्मक/आशय स्पष्ट प्रश्न)

प्रश्न-1 अंतरीक्ष में छ: महीने रह कर सुनीता विलियम्स नें कौन –कौन से रिकॉर्ड बनाये ?

प्रश्न-2 सुनीता विलियम्स मनोरंजन के लिए क्या –क्या करती हैं ?

प्रश्न -3 सुनीता विलियम्स और कल्पना चावला दोनों कैसी मित्र थी और साथ –साथ दोनों क्या करते थे ?

व्यावहारिक व्याकरण

1.काल से 1 अंक वाले प्रश्न(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

प्रश्न - वाक्यों में काल की पहचान करें और नाम लिखें ?

क –राजीव पुस्तक पढ़ रहा है

ख – मुस्कान विद्यालय गई |

ग – बच्चे पढाई कर रहे हैं |

घ – रेलगाड़ी स्टेशन से छुट चुकी थी |

ड. यदि समय से स्टेशन पहुँच जाता तो रेलगाड़ी मिल जाती |

च – रोहन गाड़ी चलाता है ?

छ – माताजी खाना पकाती होंगी |

ज – अर्ध –वार्षिक परीक्षाए अक्टूबर माह में होंगी |

झ – संभवत: मैं कल हरिद्वार जाऊ |

2.संज्ञा से 1 अंक वाले प्रश्न(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

प्रश्न- निम्नलिखित वाक्यों में संज्ञा की पहचान कर संज्ञा का भेद लिखें –

क- महर्षि वाल्मीकि नें रामायण की रचना की |

ख- हिमालय उत्तर दिशा में स्थित है |

ग- पुलिस हमारी सुरक्षा करती है |

घ- कुतुबमीनार दिल्ली में स्थित है |

ङ- हमे पशु –पक्षियों से प्रेम करना चाहिए |

च- सोना और चांदी महंगे आभूषण हैं |

छ- कक्षा में कुल चालीस बच्चे हैं |

ज- भारतीय सेना पाकिस्तानी सेना पर टूट पड़ी |

3.सर्वनाम से 1 अंक वाले प्रश्न (अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

प्रश्न:- निम्न वाक्यों में सर्वनाम की पहचान करें |

1 मैं अच्छा लड़का हूँ |

2.यह मेर विद्यालय है |

3.इस डिब्बे में कुछ है |

4.जैसी करनी वैसी भरनी |

5.यह वही विद्यालय है जहाँ मैं पढ़ता था |

6.तुम्हारे विद्यालय का नाम क्या है ?

7.मैं स्वयं ही आगरा चला जाऊंगा |

4.सर्वनाम से 2 अंक वाले प्रश्न (अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

प्रश्न:-निम्न सर्वनाम की वाक्य में प्रयोग करें |

5. विशेषण से 1 अंक वाले प्रश्न (अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

प्रश्न- निम्न वाक्यों में विशेषण को रेखांकित कर उनके भेद लिखिए |

1 हम सब भारतीय हैं

2 मेरे लिए शीतल जल लाओ

3 मेरा बड़ा भाई गायक है

4 आज चार लीटर दूध चाहिए

5 कुछ फूल मुझे भी दे दो

6 वहां जाना और उससे कहना

विशेषण से 2 अंक वाले प्रश्न

निम्न शब्दों की मूलावस्था ,उत्तरावस्था और उत्तमावस्था लिखिए

1-सुन्दर2-अधिक 3-लघु 4-उच्च

6.स्वर संधि से 1 अंक वाले प्रश्न

प्रश्न-क) स्वर संधि के कितने भेद होते हैं

ख) निम्न शब्दों का संधि –विच्छेद कर संधि का नाम लिखें

1-धर्मार्थ, परीक्षार्थी, महीद्र, नदीश, लघूर्मी, नरेन्द्र, महेश्वर, राजर्षि, महौजस्वी, तथैव, मात्राज्ञा, नयनपवन, सदैव, भावुक

पाठ्य –पुस्तक भाषा से 1 अंक वाले प्रश्न

प्रश्न- निम्न शब्दों के विलोम शब्द लिखें

क्षमा ,सभ्य ,गंभीर ,कीमती ,सौभाग्य ,सम्मान ,विनीत ,इच्छा ,

प्रश्न- इन शब्दों के दो –दो अर्थ लिखकर वाक्य बनाइयें –

चारा ,छाया ,चीनी ,उत्तर

प्रश्न- निम्न वाक्यों के लिए एक शब्द लिखें –

1- जिसकी कोई सीमा ना हो , 2- जिसका अंत न हो , 3- जानने का इच्छुक , 4- वातावरण के अनुकूल बना लेना

5- मांस –मछली खाने वाला , 6- शाक –सब्जी खाने वाला, 7- मांस-और शाक –सब्जी दोनों खाने वाला

इन शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखें –

हाथ ,संसार ,कोशिश ,आश्चर्य ,अध्यापक ,

निम्न शब्दों का वर्ण-विच्छेद करें –

जन्म ,मांसाहारी, प्रसिद्द ,व्यावसायिक ,परिक्रमा **,**

रचनात्मक लेख से प्रश्न –(5) अंक के प्रश्न (लेखनी)

पत्र

1-फीस माफ़ी के लिए प्रधानाचार्य को पत्र लिखें |

2- प्रधानाचार्य को बहन के विवाह में सम्मलित होने के लिए दो दिन के अवकाश के लिए पत्र लिखें |

अनुच्छेद –

निम्न विषय में से किन्ही एक पर अनुच्छेद लिखें-

क) मेरा भारत महान, ख) भारतीय किसान , ग) मेरा प्रिय मित्र, घ) पेड़ लगायें, ड) परोपकार,च) विद्यार्थी जीवन

संवाद लिखें –

निम्न में से किसी एक विषय पर संवाद लिखें-

क) विद्यालय देर से पहुंचने पर अध्यापक और छात्र के मध्य हुए संवाद लिखें

ख) जनसंख्या वृद्धि पर दो मित्रों के मध्य बातचीत |

....